हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 12 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 7.3 डिग्री

13 मेले में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब



14 साइबर अपराधी अपडेट, अब पहले से ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक सुबह 10 बजे
- बिजली निगम के कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

## बिजली कट

- सुबह 10 से 3 बजे तक कच्चा चमारिया रोड, खोखरा कोट, डेयरी मोहल्ला, पाडा मौहल्ला, साहसी चौक, नजदीक माता दरवाजा, जुलाहा चौक, पटवार खाना
- सुबह 10 से 1 बजे तक हुडा कॉम्प्लेक्स, बीजेपी ऑफिस के पास का क्षेत्र, विजय नगर, संत मई चौक, वकीलों वाली गली, झज्जर रोड, फोटो वाली गली, आर्य नगर, दानू मंडी

## खबर संक्षेप

### 13 को बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएंगी

**रोहतक।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्थानीय पॉवर हाऊस चौक पर स्थित राजीव गांधी विद्युत भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से एक बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएंगी। बैठक में एक लाख रुपए से ज्यादा व 3 लाख रुपए तक के बिजली बिल विवाद से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि कन्हेली रोड निवासी संदीप की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 16 सितंबर 2024 को संदीप ने अपनी मोटरसाइकिल को बीजेपी चुनाव कार्यालय के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। वापिस आने पर संदीप को अपनी बाइक नहीं मिली। जांच के दौरान 10 फरवरी को आरोपी कर्ण निवासी भैणी महाराजपुर हाल सुनारियां चौक को गिरफ़्तार किया गया है।

### ड्रग्स की रोकथाम के विभाग उठाए कदम

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभागों की गतिविधियों के साथ ड्रग्स का सेवन करने वाले लोगों को भी चिन्हित कर सूची तैयार करें ताकि उनको ड्रग्स के सेवन की आदत से छुटकारा दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि ड्रग्स तस्करों को पकड़ने के लिए की जाने वाली रेड के दौरान पुलिस सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने विशेषकर शिक्षण संस्थाओं से विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मदविः डॉ. संदीप दलाल ने व्याख्यान दिया

**रोहतक।** नवीनतम प्रौद्योगिकी ने शोध के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है, जिससे शोध की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुलभ हो गई है। यह उद्गार मदवि के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. संदीप दलाल ने वैश्य महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में विशेष व्याख्यान देते हुए व्यक्त किए। प्रो. संदीप दलाल ने- इंपैक्ट ऑफ टेक्नोलॉजीज ऑन रिसर्च विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

### बार परिसर में बुलानी पड़ी पुलिस, 28 फरवरी को होना है मतदान

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव में वोटर लिस्ट से नाम काटने पर विवाद

## प्रधान पद पर अरविंद श्योराण और दीपक हुड्डा में मुकाबला

- एक भी वोट काटने नहीं देंगे बेशक आमरण अनशन पर बैठना पड़े: अरविंद श्योराण
- चुनाव कमेटी द्वारा वकीलों के एक हजार से ज्यादा वोट काटे जाने पर हो रहा कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में वोटर लिस्ट से एक हजार से ज्यादा अधिवक्ताओं के नाम कटने पर विवाद हो गया। प्रधान पद के उम्मीदवार अरविंद श्योराण ने इस पर विरोध जताते हुए कहा कि चुनाव 3536 की वोटर लिस्ट पर होना चाहिए। एक भी अधिवक्ता का नाम काटा गया तो वह आमरन अनशन पर बैठ जाएंगे। वहीं चुनाव अधिकारी ने तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए परिसर में पुलिस भी बुलानी पड़ी। अब मामले में 13 फरवरी को हाउस की मीटिंग बुलाई जाएगी।

### 1319 के नाम काटे गए

प्रधान पद के उम्मीदवार अरविंद श्योराण ने बताया कि चुनाव कमेटी ने 3536 की वोटर लिस्ट में से करीब 1319 के नाम बिना किसी वजह से काट दिए हैं। इसकी वजह से हाउस की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें सर्वसम्मति से एडवोकेट रणधीर सुहाग को प्रधान घोषित करते हुए 13 फरवरी को दोपहर एक बजे हाउस की दोबारा मीटिंग बुलाई गई है। तब तक के लिए चुनाव कमेटी को कहा गया है कि वह वोटर लिस्ट से नाम काटने को लेकर स्पष्टीकरण दें अन्यथा हाउस की मीटिंग बुलाकर दोबारा चुनाव अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। अब मीटिंग बृहस्पतिवार को होगी।



रोहतक। अपना नामांकन फार्म जमा करवाते एडवोकेट अरविंद श्योराण। फोटो: हरिभूमि



रोहतक। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट। फोटो: हरिभूमि

### कई राजनेताओं के नाम भी काटे गए

एडवोकेट अरविंद श्योराण और पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फौगाट ने आरोप लगाया कि आरओ प्रदीप मलिक ने बिना वोटर लिस्ट फाइनल किए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी। मंगलवार को नामांकन का अंतिम दिन था और दोपहर को वोटर लिस्ट दी गई, जिसमें अधिवक्ताओं के नाम काटे हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कई राजनेताओं के नाम भी काटे गए हैं। इसके अलावा कुछ दिन पहले स्वर्गवासी हुए अधिवक्ताओं के नाम अभी भी लिस्ट में हैं।

### नियम के तहत काटे गए हैं नामः मलिक

कुल 3536 अधिवक्ताओं की वोटर लिस्ट थी, जिन्होंने फीस जमा करवाई थी। इसमें से जो भी नाम काटे गए हैं वह नियम के मुताबिक ही काटे गए हैं। कुछ अधिवक्ताओं ने दूसरे अधिवक्ता की फीस भरी हुई थी। कुछ ने झूठा शपथ पत्र दिया हुआ है। इसके अलावा जो अधिवक्ता दूसरी जगह रजिस्ट्रेशन करवाए हुए हैं, उनके नाम काटे गए हैं। -**प्रदीप मलिक**, चुनाव अधिकारी

### इन्होंने भरा नामांकन

प्रधान पद के लिए पूर्व प्रधान अरविंद श्योराण और दीपक हुड्डा ने नामांकन भरा है। महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल ने फार्म भरा। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल ने नामांकन किया। जबकि उप प्रधान पद के लिए सुशीला देशवाल, संदीप खत्री और अभीजीत चौधरी ने नामांकन भरे। लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार के नामांकन आए हैं। इसके साथ ही 84 अधिवक्ताओं ने एग्जीक्यूटिव मैम्बर के लिए फार्म भरे।



### महिला डॉक्टर सहित चार लोग गिरफ्तार

## रोहतक की टीम ने मेरठ में भ्रूण लिंग जांच केंद्र का किया भंडाफोड़

- मौके से 26800 कैश सहित मशीन भी जब्त की किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मेरठ में रेड कर भ्रूण लिंग जांच केंद्र का भंडाफोड़ किया है। जहां से महिला डॉक्टर सहित चार लोगों को कैश और मशीन सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ मेरठ पुलिस में शिकायत दी गई है। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में एवं सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश चंद्र की अगुवाई में यह कार्यवाही की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत भ्रूण लिंग जांच करने व करवाने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए विभाग ने एक टीम का गठन किया। जिसमें डॉक्टर विश्वजीत नोडल अधिकारी पीएनडीटी ,डॉक्टर संजीव मलिक, डॉक्टर मोहित, डॉक्टर संजीव सैनी वह अन्य सदस्य को नियुक्त किया गया। टीम ने एक सर्जन के माध्यम से भ्रूण लिंग जांच का सौदा करके मेरठ में एक पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेंटर जागृति विहार मेरठ गढ़ी रोड पर भ्रूण लिंग जांच करने वाले डॉक्टर छवी बंसल को मौके पर पकड़ा। डॉक्टर छवी बंसल ने नकली ग्राहक का फॉर्म एफ भी नहीं भरा और सीधे ही अल्ट्रासाउंड करने लगी। उन्होंने लिंग जांच करके नकली ग्राहक को भ्रूण लिंग के बारे में जानकारी दे दी। उसके उपरांत टीम ने छापा मारा और डॉक्टर छवी बंसल सहित उनके मुखबिर तीन सदस्य अनिल कुमार, पवन कुमार और महेंद्र कुमार भी पकड़े गए। मौके से 26800 कैश सहित मशीन जब्त की किए गए हैं। मेरठ पुलिस को शिकायत दी गई है जिसके आधार पर आगामी कार्यवाही की जा रही है।

### भ्रूण लिंग जांच करने वालों पर हो रही कार्रवाई

अगर भविष्य में कोई इस तरह की भ्रूण लिंग जांच में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। -**डॉक्टर रमेश चंद**, सिविल सर्जन

# नगर निगम के कंट्रोल रूम को 24 घंटे संचालन करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देश दिए गए कि नगर निगम के सफाई कार्य व स्ट्रीट लाईट से संबन्धित कार्य हेतु कन्ट्रोल रूम का 24 घण्टे संचालन हेतु कार्य योजना तैयार की जाये। नगर निगम के सफाई कार्य में सुधार हेतु और अधिक प्रर्यतन किए जाये तथा किसी स्थान पर स्ट्रीट लाईट खराब है तो उसको तुरंत रिपेयर करवाया जाये। ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए है कि कन्ट्रोल रूम के संचालन हेतु जल्द से जल्द एक टीम का गठन हो। जोकि एक कन्ट्रोल रूम में बैठकर नगर निगम से सम्बन्धित कार्यो की शिकायत दर्ज कर उनका समाधान करवा सके तथा शिकायतो के निवारण होने उपरांत सम्बन्धित को दूरभाष के माध्यम से अवगत करवाया जाये।



### अवकाश के दिन भी कार्य करेंगे

नगर निगम आयुक्त ने यह भी बताया कि नगर निगम के होने वाले आम चुनाव-2025 के नामांकन से सम्बंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी अवकाश के दिन नगर निगम कार्यालय में कार्य करेंगे। ताकि चुनाव से सम्बंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में किसी को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में संयुक्त आयुक्त नवदीप सिंह व नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंदीप सिंह, लेखा अधिकारी विकास यशकीति, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जगबीर सिंह, कार्यालय अधीक्षक विनोद कुमार आदि उपस्थित रहें।



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैनर व स्टीकर लगवाकर सौ ऑटो रिक्शा को किया रवाना

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन ने जिला में चलने वाले 100 ऑटो रिक्शा पर नालसा हेल्पलाइन नंबर के बैनर व स्टिकर लगवाकर स्थानीय न्यायालय परिसर से इन ऑटो रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं एक ऑटो रिक्शा पर स्टिकर लगाया तथा सभी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों ने भी अपने कर कमलों एक-एक ऑटो रिक्शा पर बैनर लगाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी जिला वासियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक करना है ताकि सभी नागरिक 15100 नालसा हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय न्यायिक परिसर में 8 मार्च 2025 को एक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### खरावड़ पुलिस चौकी के पास वारदात, पुलिस जांच में जुटी

## युवक की तेजधार हथियार से हत्या करके शव को झाड़ियों में फेंका, नहीं हुई पहचान

- शव को पहचान के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक युवक की तेजधार हथियार से हत्या करके शव को खरावड़ पुलिस चौकी के पास झाड़ियों में फेंक दिया गया। इसकी सूचना राहगीरों ने आईएमटी थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस आस-पास के एरिया में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया। आशंका है कि किसी ने युवक की हत्या किसी ओर एरिया में की और शव को यहां फेंक कर चले गए। पुलिस आसपास के एरिया में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।



रोहतक। जांच करती एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया की टीम।

### सरपंच ने देखा था शव

गांव खरावड़ के सरपंच प्रतिनिधि दीपक मलिक ने बताया कि वह रोजाना की तरह पुल पर घूमने गए थे, तभी उन्हें झाड़ियों में एक सफेद चद्दर दिखाई दी, जिसके पास युवक का शव पड़ा था। इसकी सूचना खरावड़ पुलिस चौकी को दी। जब मौके पर जाकर देखा तो युवक की बेरहमी से हत्या की हुई थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पीजीआई भेजा। साथ ही एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया की टीम ने भी मौके से सबूत एकत्रित किए। पुलिस मृतक की शिनाख्त करने के लिए प्रयास कर रही है।

### की जा रही जांच

युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पीजीआई के शवगृह में भेज दिया गया है। मृतक की जेब से एक स्कूटी की चाबी व कुछ पैसे बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का है। हत्या भी कहीं और कर शव को खुर्द बुर्द करने के लिए झाड़ियों में फेंका गया है। अज्ञात हत्यारे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। -**महेश कुमार**, आईएमटी थाना प्रभारी

**निकाय चुनाव** नगर निगम रोहतक व कलानौर नपा चुनाव के मतों की गिनती 12 मार्च को होगी

# पहले दिन कोई नामांकन नहीं, 17 तक भरे जा सकते हैं नॉमिनेशन, 2 मार्च को डाली जाएंगी वोट

- प्रमुख पार्टियां के नेता दिल्ली में डटे, अभी नहीं आई लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम रोहतक और नगरपालिका कलानौर के लिए 2 मार्च को हो रहे मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने के पहले मंगलवार को एक भी नॉमिनेशन नहीं भरा गया। उम्मीदवार 17 फरवरी को दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है, हालांकि 12 व 16 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जा सकेंगे।

नामांकन पत्र निर्धारित तिथि को सुबह 11 से 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते है। नगर निगम के महापौर व पार्षदों के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी तथा सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए है। इसी तरह कलानौर नगर पालिका के चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की गई है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 2 मार्च को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा तथा 12 मार्च को मतगणना संपन्न होने के उपरांत परिणाम घोषित किए जाएंगे। गौरतलब है कि नगर निगम मेयर का पद इस बार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।





### सभी 22 वार्डों के लिए सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

प्रशासन ने नगर निगम के महापौर तथा निगम पार्षदों के लिए नामांकन पत्र संबंधित निर्वाचन अधिकारी तथा वार्ड अनुसार नियुक्त किए गए सह निर्वाचन अधिकारी के कार्यालयों में जमा करवाएं जा सकते है। कलानौर नगर पालिका के लिए कलानौर स्थित तहसील कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते है। महापौर एवं नगर निगम पार्षदों के चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन अधिकारी तथा सभी 22 वार्डों के लिए सह निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर निगम के महापौर के नामांकन पत्र प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण की सचिव के कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं।

### यहां नामांकन कराएं

निगम के वार्ड नंबर 2, 4, 5 व 10 में पार्षद के लिए नामांकन पत्र सह निर्वाचन अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय में जमा किए जा रहे हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 16, 19 व 20 के पार्षद के लिए नामांकन पत्र बस स्टैंड पर स्थित चालक प्रशिक्षण स्कूल, वार्ड नंबर 6, 7, 8 व 18 के पार्षद के नामांकन पत्र उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता मनिन्द्र सिंह के कार्यालय में दाखिल किए जा सकते है। वार्ड नंबर 1, 3, 12 व 17 के पार्षद के लिए नामांकन पत्र यमुना जल सेवाएं सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता बलराज चौहान के कार्यालय में जमा किए जा रहे है। वार्ड नंबर 13,14 व 15 के पार्षद पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता सुखबीर सिंह के कार्यालय में दाखिल किए जा सकते है। इसी तरह वार्ड नंबर 9, 11, 21 व 22 के पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र काडा के कार्यकारी अभियंता अंशुल कादयान के कार्यालय में दाखिल किए जा सकते है।



रोहतक। अवैध निर्माणों को गिराते जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

### समर गोपालपुर व टिटौली में 7.38 एकड़ भूमि में विकसित अवैध कॉलोनियों को तोड़ा

**रोहतक।** जिला प्रशासन व जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा रोहतक नियनत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों, कालोनियों को गिराने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गांव समर गोपालपुर व टिटौली में लगभग 7.38 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अनाधिकृत कॉलोनी व निर्माण को गिराने के लिए अभियान चलाया जाता है। आज चलाए गए अभियान के दौरान दो अनाधिकृत कॉलोनियों में एक अवैध निमार्ण, 2 डीपीसी और इंटरलॉकिंग टाइल रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। इस तोड़-फोड़ की कार्यवाही में जिला नगर योजनाकार कार्यालय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने जिला के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी को अवैध निर्माणों/डीलर/भू-मालिकों द्वारा विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनियों में निवेश न करें। नागरिक अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते है।



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्ड्स' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।



लाइफ Style

# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, श्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे, जिन्होंने लोगों को खूब डराया हैं। अब टीवी पर चुड़ैल डराने आ रही हैं। चुड़ैल लोगों की नींद खराब करने वाली हैं। इस हॉरर शो का नाम आमी डाकिनी हैं। आमी डाकिनी शो 24 फरवरी से सोनी टीवी पर शुरू होने जा रहा हैं। ये शो सोमवार-शुक्रवार रात 10 बजे आएगा। इस हॉरर शो के कुछ सीन्स सामने आ गए हैं जिसे देखकर कुछ लोग इसका मजाक उड़ा रहे हैं कुछ को इसका बेसब्री से इंतजार हैं। आमी डाकिनी के मोशन पोस्टर में एक महिला फोटो से बाहर निकलकर चिल्लाती नजर आ रही हैं। ये शो कोलकाता के बैकग्राउंड पर आधारित हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक शो में शीन दास लीड रोल में नजर आने वाली हैं। शो में चुड़ैल अपने पति की तलाश में वापस लौट रही हैं। इस पोस्टर को देखकर लोगों को कुछ खास मजा नहीं आ रहा हैं। इस मोशन पोस्टर को देखकर लोगों को बिल्कुल भी डर नहीं लग रहा हैं।

## एकता ने संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए टेलीविजन और फिल्म निर्माता एकता कपूर पहुंचीं। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस यात्रा की कुछ झलकियां शेयर की हैं। वो अपनी यात्रा के दौरान अपने समय का भरपूर एंजॉय करती नजर आईं। एकता ने जो वीडियो शेयर किया उसमें टीवीएफ के संस्थापक अरुणभ कुमार भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में एकता ने संगम नदी में डुबकी लगाने के बाद की झलक शेयर की। वो बोट राइड भी एंजॉय करती नजर आईं। उन्होंने पक्षियों को दाना भी दिया। एकता ने अपने साथ के लोगों के साथ वीडियो शेयर किया। इस वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- महाकुंभ। वो मंदिर भी गईं। उन्होंने माथे पर चंदन लगाए फोटो भी शेयर की।बता दें कि एकता कपूर इन दिनों शो नागिन 7 को लेकर चर्चा में हैं। ये शो जल्द ही शुरू होने वाला हैं। शो में लीड एक्ट्रेस कौन होगी इसे लेकर काफी कयास लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ, एकता कपूर के प्रोडक्शन वेंचर, 'द साबरमती रिपोर्ट' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली थी।



# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।



# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।

***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



## गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक हो गए दीवाने

# प्यार के रंग में रंगे टीवी के ये हिट सीरियल्स, वैलेंटाइन वीक पर एक बार फिर देखिए

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ही बेहतरीन रोमांटिक फिल्में नहीं बनाता है, टीवी पर भी समय-समय पर ऐसे रोमांटिक सीरियल्स आए हैं, जिनके दर्शक दीवाने हो गए। आज भी इन टीवी सीरियल्स की फैन फॉलोइंग है। वैलेंटाइन वीक पर हम आपको ऐसे ही कुछ रोमांटिक हिट टीवी सीरियल्स के बारे में बता रहे है, जिन्हें आप अपने लव या लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते है।*





### कितनी मोहब्बत है

कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। पहले सीजन में कहानी कुछ ऐसी थी कि अर्जुन (करण कुंद्रा) और आरोही (कृतिका कामरा) एक-दूसरे को प्यार करते हैं लेकिन कुछ गलतफहमियों के कारण इनके रिश्ते में दूरी आ जाती है, ये जुदा हो जाते हैं। अर्जुन को जब सच्चाई का पता चलता है तो वह चुपचाप आरोही के सपनों को पूरा करने की कोशिश करता है। इसी तरह कई उतार-चढ़ावों को पार कर आखिर में अर्जुन और आरोही मिल जाते हैं, इनकी मोहब्बत सफल हो जाती है। 2009 में आए इस सीरियल की एक अलग ही फैन फॉलोइंग बन गई थी, जो आज भी बरकरार है।


### इस प्यार को क्या नाम दूं

2011 में एक टीवी सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' दर्शकों के बीच काफी हिट हुआ। इसमें अर्णव रायजादा का किरदार एक्टर वरुण सोबती ने निभाया था। वहीं खुशी कुमारी का किरदार सनाया ईरानी ने निभाया। यह प्रेम कहानी एक छोटे शहर की लड़की खुशी और एक सख्त मिजाज बिजनेसमैन अर्णव के बीच की थी। कॉमेडी के रंग में रंगी यह प्रेम कहानी दर्शकों को काफी अच्छी लगी थी।



### मधुबाला

साल 2012 में विवियन डिसेना एक रोमांटिक सीरियल 'मधुबाला' में भी नजर आए। इसमें विवियन ने एक सुपरस्टार आरके का रोल निभाया था, जिसे एक साधारण लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन इनके रिश्ते में कई बार उतार-चढ़ाव आते हैं। इस सीरियल के बाद से ही विवियन डिसेना टीवी पर काफी पॉपुलर हो गए थे। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में भी नजर आए।





### प्यार की ये एक कहानी

एक वैंपायर और एक आम लड़की की कहानी को सीरियल 'प्यार की ये एक कहानी (2010)' में दिखाया गया। इसमें वैंपायर के रोल में विवियन डिसेना नजर आए थे। यह सीरियल फिल्म 'ट्वाइलाइट' से इंस्पायर था। सीरियल में आम लड़की के रोल में सुकीर्ति कांडपाल नजर आई थीं।



### दिल मिल गए

टीवी पर साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का ही आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई।

## खबर संक्षेप

### मार्किंग सेंटर बनाने की मांग बोर्ड सचिव से की

**रोहतक।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिशन हरियाणा-सलाह का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अजय चोपड़ा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सचिव के समक्ष शिक्षक वर्ग की शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की कई मांगों को रखा। ज्यादातर मांगों पर बोर्ड सचिव ने अन्य अधिकारियों से मंत्रणा करते हुए पूर्ण करने का आश्वान दिया। इसके अलावा सलाह प्रतिनिधिमंडल की मांग पर जींद के उप मंडल जुलाना व मेवात के तावड़ू में उत्तर पुस्तिका का अंकन केंद्र बनाने की स्वीकृति प्रदान की। सलाह प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय मलिक ने की। प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड के सचिव के समक्ष सलाह ने अपना मांग पत्र रखा। मांग पत्र में परीक्षा ड्यूटी व अंकन कार्य का मानदेय बढ़ाने, परीक्षा में नकल रोकने के लिए बोर्ड सचिव के विशेष उडऩदस्ते बनाने सहित सभी मांगो पर सहमति जताई।

### कार्यशाला में साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में लालच व डर के कारण प्राय नागरिक साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाते है। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय हमेशा सतर्क रहे, गलत साइट पर धनराशि न भेजे तथा अनजान वीडियो कॉल का जवाब न दें। साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। हर नागरिक कम से कम 10-10 व्यक्तियों को साइबर फ्रॉड से बचाव बारे जागरूक करें। नरेंद्र कुमार स्थानीय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित राधाकृष्णन सभागार में एनआईसी द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोंधित कर रहे थे।

# रविशंकर ने प्रधान और सुमित ने सचिव पद के लिए किया नामांकन

- चुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन आज
- दूसरे दिन चार वकीलों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम में 28 फरवरी को होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। दूसरे दिन चार वकीलों ने चुनाव के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। प्रधान पद के लिए निवर्तमान प्रधान रवि शंकर सोनी ने अपना नामांक पत्र जमा करवाया। उपप्रधान पद के लिए राजपाल अहलावत, सचिव पद के लिए सुमित सिवाच और ज्वाइंट सेक्रेटरी पद के लिए ममता कटारिया ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनाव अधिकारी राजेश गोयत, सह चुनाव अधिकारी वेदप्रकाश अहलावत और अशोक सिवाच ने बताया कि 10 से 12 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने हैं। पहले दिन किसी भी वकील ने चुनाव के लिए नामांकन पत्र नहीं जमा करवाया। दूसरे दिन चार वकीलों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बुधवार 12 फरवरी को नामांकन पत्र जमा करवाने का अंतिम दिन है। सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं। इस बात को लेकर वकीलों में उत्सुकता बनी हुई है कि अंतिम दिन कौन कौन वकील किस पद के लिए आवेदन करेंगे। हालांकि कौन जीतेगा और कौन हारेगा यह तो 28 फरवरी को वोटों की गिनती के बाद ही पता चल सकेगा। लेकिन बुधवार शाम को यह पता चल जाएगा कि कौन कौन उम्मीदवार मैदान में उतरे हैं। उसके बाद चुनाव के रंग ढंग देखने को मिलेंगे। मंगलवार को जिन वकीलों ने आवेदन किया है वे एक ही पैनल के बताए जा रहे हैं। बुधवार को दूसरे पैनल के वकील नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जिस तरह चर्चाएं चल रही हैं, उससे लगता है कि इस बार के चुनाव में मुकाबला सीधा होने जा रहा है। दो ही पैनल रहने की संभावना लग रही है। जिस तरह से समीकरण बनते हुए दिख रहे हैं उसको देखते हुए इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव काफी रोचक होने जा रहा है। क्योंकि दूसरे पैनल को किसी भी सूरत में कमजोर नहीं आंका जा सकता।



महम। रिटर्निंग ऑफिसर राजेश गोयत के पास प्रधान पद के लिए नामांकन पत्र जमा करवाते एडवोकेट रविशंकर सोनी व उनके साथ मौजूद अन्य वकील।


रोहतक। सचिव पद के लिए अधिवक्ता सुमित सिवाच नामांकन भरते हुए।

### 14 फरवरी को नामांकन पत्र वापसी का दिन


13 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। यदि किसी वकील को अपना नामांकन पत्र वापस लेना है तो उसके लिए 14 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया है। इस दिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 15 फरवरी को शाम 3 बजे जारी कर दी जाएगी। 28 फरवरी को प्रधान, उपप्रधान, सचिव और सहसचिव पद के लिए मतदान होगा। चुनाव के बाद लाइब्रेरियन और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

## बाबा मस्तनाथ मठ में माई चौदस मेले का हुआ आयोजन, श्रद्धालुओं ने मांग मन्नतें

# मेले में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के सुप्रसिद्ध बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर में माई चौदस के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस द्विदिवसीय 10 और 11 फरवरी को आयोजित मेले में भक्तों ने सिद्ध शिरोमणि बाबा चौरंगीनाथ महाराज एवं सिद्ध योगिनी पाई देवी की समाधि पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस सिद्धपीठ में आस्था रखने वाले भक्तों का विश्वास है कि जो कोई भी स'चे मन से यहां प्रार्थना करता है, उसकी मनोकामनाएँ अवश्य पूरी होती हैं। माई चौदस का यह पावन मेला हर वर्ष माघ मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को आयोजित किया जाता है। यह तेरस और चौदस के दो दिवसीय अनुष्ठान के रूप में संपन्न होता है, जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से आकर बाबा मस्तनाथ मठ में मत्था टेकते हैं। इस मठ की आध्यात्मिक परंपरा आठवीं शताब्दी से चली आ रही है, और यह स्थल केवल भक्ति एवं तपस्या का केंद्र ही नहीं, बल्कि योग, शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक सेवा का अद्भुत संगम भी है। श्रद्धालुओं का यह मानना है कि बाबा मस्तनाथ मठ की सिद्ध ऊर्जा प्रत्येक भक्त की आत्मा को शांति और शक्ति प्रदान करती है। यह स्थान केवल मनोकामना पूर्ति का केंद्र नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का भी पवित्र स्थल है। यहाँ आने वाले श्रद्धालु न केवल भक्ति का अनुभव करते हैं, बल्कि जीवन के गूढ़ आध्यात्मिक रहस्यों को भी समझते हैं। इस सिद्धपीठ में साधना करने वाले संतों का मानना है कि सच्ची भक्ति वह है, जो हमें आत्मा से परमात्मा की ओर ले जाए, भय से निर्भयता की ओर ले जाए, और मोह-माया से सच्चे वैराग्य की ओर प्रेरित करे। ज्ञात होगा कि माई चौदस का यह प्रसिद्ध मेला बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले से पहले संपन्न होता है। हर साल फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को बाबा मस्तनाथ जी की पुण्य स्मृति में भव्य मेला आयोजित किया जाता है। इस वर्ष यह 6, 7 और 8 मार्च को आयोजित होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। बाबा मस्तनाथ मठ केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के समान है, जहां आध्यात्मिकता, शिक्षा और चिकित्सा का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह मठ वर्षों से सनातन संस्कृति, योग परंपरा और समाज सेवा को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहा है। माई चौदस मेला और बाबा मस्तनाथ पुण्य स्मृति मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि यह भक्तों को जीवन में श्रद्धा, विश्वास, सेवा और भक्ति का महत्व समझाने का एक पवित्र माध्यम भी हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु यह अनुभव करते हैं कि स'ची भक्ति केवल मंदिरों में सिर झुकाने में नहीं, बल्कि अपने कर्मों को ईश्वरमय बनाने में है।





### ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ समाधि स्थल पर उमड़ पड़ी

मेले के पहले दिन, सोमवार 10 फरवरी को, ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की भीड़ समाधि स्थल पर उमड़ पड़ी। मठ परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जो मंगलवार 11 फरवरी तक जारी रहीं। भक्तों ने समाधि पर देसी घी की जोत लगाई, गुड़ और कंबल अर्पित किए, तथा हवन-पूजन कर अपने कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना की। मठ में चारों ओर ओम् नमः शिवाय और सिद्ध योगियों के मंत्रों का उ'चारण गूंज रहा था। भक्तजन भक्ति गीतों और संतों की वाणी में डूबे हुए थे। संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया था, मानो सिद्ध योगी बाबा चौरंगीनाथ और योगिनी पाई देवी स्वयं भक्तों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे हों। इस पावन अवसर पर भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए पंक्तिबद्ध होते रहे। अन्नदान और सेवा कार्यों में भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया, क्योंकि यह मान्यता है कि अन्नदान महादान है और इससे आत्मा को पुण्य की प्राप्ति होती है।

### राजकीय महिला कालेज में लगाया हेल्थ कैंप

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाखनमाजरा की टीम उपस्थित रही। प्रधानाचार्य इंदु सपरा के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें डॉक्टर रणवीर सिंह ने छात्राओं को इस दिन के महत्व के बारे में जागरूक किया व स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी।

**न्यायालय सब रजिस्ट्रार/संयुक्त सब रजिस्ट्रार रोहतक रोहतक।**

नोटिस बनाम आम जनता

सर्वसाधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि गौरव डावड़ा सुपुत्र श्री नरेन्द कुमार डावड़ा निवासी मकान नंबर 54/6, प्रताप मोहल्ला रोहतक ने अपनी पत्नी श्रीमती मोनिका डावड़ा पुत्री श्री सुमेश कुमार हाल पत्नी गौरव डावड़ा द्वारा लिखित एक वसीयत नामा दिनांक 16.09.2024 बाहक गौरव डावड़ा सुपुत्र श्री नरेन्द कुमार डावड़ा निवासी मकान नंबर 54/6, प्रताप मोहल्ला रोहतक पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया है। स्वर्गीय श्रीमती मोनिका डावड़ा ने अपने जीवित रहते हुए उक्त वसीयतनामा गवाहान के समक्ष पूरे होशो हवास एवं बिना किसी दबाव के तहरीर किया था लेकिन वह इस वसीयतनामा को रजिस्टर्ड नहीं करवा सकी। स्वर्गीय श्रीमती मोनिका डावड़ा का दिनांक 01.11.2024 को स्वर्गवास हो गया था। इस वसीयतनामा के पंजीकृत किये जाने बारे अगर किसी को भी कोई एतराज हो तो इस नोटिस के प्रकाशित होने के 30 दिन (एक महीना) तक इस न्यायालय में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपने एतराजात पेश कर सकता है।

आज दिनांक 11/02/2025 को हस्ताक्षर मेरे व मोहर न्यायालय के साथ जारी किया गया।

सब-रजिस्ट्रार/संयुक्त सब रजिस्ट्रार, रोहतक


रोहतक। संत रविदास की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करते समाज के लोग।

### गुरु रविदास की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**रोहतक।** तेज कॉलोनी स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर से शहर भर में शोभायात्रा निकाली गई। इसी यात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां बैंड बाजे के साथ निकाली गई। डेयरी मौहल्ला स्थित अंबेडकर चौपाल में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। प्रधान दलबीर बामनिया, अनिल कुमार, राजेश चहल, प्रवीण कुमार सोहल, सनी बादल,राज सिंह, प्रदीप चहल, देवेंद्र सिंह चहल, राम चरण ,प्रीतम सिंह ,सोनू सोहल ,सूरजमल, अंशु बामनिया, सत्य सिंह ,सुंदर सिंह ,सतीश कुमार ,महेंद्र भट्टी ,कालू सोहल ,ऋषि कुमार ,सुशील सोहल और सुधीर चहल ,अशोक कुमार ,पूर्व पार्षद जयंती देवी,फूलपति देवी, माया देवी, सुंदरी देवी मौजूद रहे।

### सेठ ताराचंद का सांग सुनकर भाव-विभोर हुए दर्शक



रोहतक।अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के आठवें दिन मंगलवार का उद्घाटन रामप्रकाश बादल खरावड़ ने 111000 रूपये,जितेंद्र पहलवान कंसाला ने 51000, जयभगवान व कृष्ण पहरावर ने 51000 रूपये, पवन बलियाना ने 51000 रूपये,इसके अलावा और भी दानी सज्जनों ने सहयोग दिया। सांग के आठवें दिन विष्णुदत्त शर्मा द्वारा सेठ ताराचंद का दूसरे भाग की कहानी को प्रस्तुत किया गया। इस तरह कहानी को कलाकारों ने खूबसूरत तरह से पेश किया। इस मौके पर गौशाला प्रांगण में फतेह सिंह माड़ौदी ,ओमप्रकाश मास्टर मायना, संतराम बैरागी मायना,चंद्रभान भालौठ,कृष्ण राणा पाकस्मा, विक्रमबहादुरगढ़, प्रेम बहादुरगढ़,सतपाल बहादुरगढ़,संदीप शास्त्री भमभेवा, रमेश राणा पाकस्मा, काला पाकस्मा,बिजेंद्र ब्रह्मचारी,राजू, समुद्र किलोई, छोटूराम रोहतक,बलबीर मालिक कानूनगो,कृष्ण बलियाना,कृष्ण ईस्माइला,चंद्रे बलियाना,धर्मेंद्र भ्मभेवा, बल्ले भैंसरू आदि मौजूद रहे। प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि 4 से 10 फरवरी तक 1 करोड़ 4 लाख रुपये गौ माता की सेवा में दान आ चुका है। प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में लगा विश्वविद्यालय मेला




**रोहतक।** मंगलवार को द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के आगामी शिक्षा चयन सुविधा हेतु विश्वविद्यालय मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के कुछ जाने माने विश्वविद्यालयों ने विद्यार्थियों का उनकी रूचि के अनुसार मार्गदर्शन किया। आज भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने भविष्य को लेकर विद्यार्थी दुविधा में रहते हैं। इसी दुविधा का निवारण करने के लिए द आर्यन ग्लोबल विद्यालय ने ये सराहनीय प्रयास किया। इस कार्यक्रम में रोहतक के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालयों में मुख्यतः चंडीगढ़ विश्व विद्यालय, चितकारा विश्वविद्यालय,ओ पी जिन्दल विश्व विद्यालय आदि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना जी ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया।

### पालिका की बैठक में पास किए कई प्रस्ताव



**महम।** कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को महम नगर पालिका की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान भारती पंवार ने की। नगर पालिका सचिव, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, पालिका अभियंता अशोक हुड्डा व लेखाकार विनोद शर्मा समेत शहर के ज्यादातर पार्षद इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास किए गए। मीटिंग में शहर की साफ सफाई और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पर विशेष फोकस रहा। शहर में जगह जगह खुले पड़े नालों को ढंकने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही शहर में मुख्य चौक चौराहे जहां पर बसें रुकती हैं और यात्री बसों का इंतजार करते हैं।





### पठानिया पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई भाषण प्रतियोगिता

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को हिंदी, अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। स्कूल का समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाने का एकमात्र उद्देश्य विद्यार्थियों में कार्य दक्षता, कुशलता को बढ़ावा देना व उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करके उनका बहुमुखी विकास करना है। इस प्रतियोगिता का आयोजन भाषा अध्यापिकाओं व कोऑर्डिनेटर कनिका मग्गू, प्रभा शर्मा व सुमन शर्मा के दिशा-निर्देशन में करवाया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों का पुरस्कृत किया गया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S

नि:संतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430


श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा

गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

प्रार्थना सभा

"स्व. श्रीमती दिलभरी देवी जी"
(1 जनवरी 1939 से 6 फरवरी 2025)
धर्मपत्नी स्वर्गीय चौधरी समेराम मायना जी
आपको दुखी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी
"श्रीमती दिलभरी देवी जी"
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में लीन हो गई हैं।
उनकी आत्मिक शांन्ति के लिए शांतिपाठ उनके निवास स्थान पर सम्पन्न होगा।
तेरहवीं एवं हवन
शुक्रवार 14 फरवरी 2025 हवन समय प्रात: 10 बजे
प्रार्थना एवं ब्रह्मभोज दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक
स्थान : D-51, सेक्टर 36, सनसिटी मायना हाउस, रोहतक
SCAN LOCATION
शोकाकुल परिवार
धर्मवीर मायना (पुत्र)
कर्मवीर मायना (पुत्र)
चेयरमैन KVM ग्रुप
एवं G.D GOENKA SCHOOL
विक्रांत मायना (पौत्र)
विशाल चौधरी (पौत्र) (MEMBER AICC)
मोहित चौधरी (पौत्र)
रुद्रवीर, करनवीर, वायुवीर (परपोत्ते)
एवं समस्त मायना परिवार
मो. 9728122222

## खबर संक्षेप



### एचडी स्कूल के शुभम ने जीता रजत पदक

**रोहतक।** अंबाला के आरटीसी, नॉर्थ जोन में आयोजित हुई 15वीं हरियाणा कप सब-जूनियर कैडेट एंड जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में एचडी पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र शुभम ने अंडर-माइनस 51 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहां उपस्थित सभी लोगों ने तालियों से छात्र की हौसला अफजाई की। स्कूल निदेशक सुरेंद्र फौगाट व प्रधानाचार्य दुलाल देब ने स्कूल पहुंचने पर छात्र की शानदार सफलता पर उसको व समस्त खेल कोच विभाग को बधाई दी।



### योग एवं सूर्य नमस्कार कैम्प हुआ सम्पन्न

**रोहतक।** राजकीय महिला कॉलेज लाखन माजरा में प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल निर्देशन में साप्ताहिक "हर घर परिवार सूर्यनमस्कार" अभियान का ग्यारह फरवरी को सफलतापूर्वक समापन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय की खेल व योग समिति द्वारा एवं योग अधिकारी लाखन माजरा, संजय राठी के सहयोग से चलाया गया। इस अभियान में प्रतिदिन पंद्रह मिनट में बारह बार सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाया गया ताकि घर-घर योग एवं सूर्यनमस्कार द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन के हरियाणा सरकार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। महाविद्यालय की चार सौ छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भागीदारी की व सभी छात्राओं ने हरियाणा योग आयोग द्वारा ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी छात्राओं को बधाई दी व योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में खेल समिति संयोजक जोगेंद्र सिंह, सदस्य अलका, डॉ. अंजली मान, डॉ. नीलम, डॉ. पूनम, डॉ. मनीषा बेदी, पूजा, डॉ. अंजली, सीमा, डॉ. बलराम, सुखबीर आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सब जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता

# वाइस कैप्टन स्नेहा की बदौलत हरियाणा ने मणिपुर को 10-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- मुस्कान और निशा ने दमदार डिफेंस के सहारे मणिपुर की टीम को कोई स्कोर नहीं करने दिया
- हरियाणा को पहली बार क्वार्टर फाइनल तक लाने पर टीम के कोच भामिनी व ज्योति ने खुशी जाहिर की

राष्ट्रीय सब जूनियर रग्बी सेवन प्रतियोगिता के पहले दिन मंगलवार को हरियाणा ने मणिपुर के खिलाफ पहला लीग मैच खेलते हुए मणिपुर को 10/0 से हराया। हरियाणा की तरफ से पहले मुस्कान और फिर उप कप्तान स्नेहा ने कामयाब ट्राय करके टीम को 10/ 0 की बढ़त दिलाई। दूसरी तरफ मुस्कान और निशा ने दमदार डिफेंस के सहारे मणिपुर की टीम को कोई स्कोर नहीं करने दिया। लीग के दूसरे मैच में हरियाणा और राजस्थान के मुकाबले में हरियाणा की टीम 10/0 से राजस्थान से हारी किंतु हार के बावजूद टीम ने अच्छा खेल दिखाते हुए यह स्थापित किया कि राजस्थान जैसी अच्छी रैंकिंग वाली टीम को 10 स्कोर तक रोक सकते हैं तो हरियाणा के बच्चे किसी भी हद तक खेल में आगे जा सकते हैं। हरियाणा की तरफ से इस मैच में बेहतरीन तालमेल तो दिखा साथ ही मुस्कान, निशा और स्नेहा की तरफ से मजबूत डिफेंस भी सामने आया जिसके कारण राजस्थान की टीम 10 से आगे स्कोर नहीं बढ़ा पाई। जिसका नतीजा ये रहा कि हरियाणा की सब जूनियर टीम ने लीग मैचेज के बाद की रैंकिंग में 12 रैंक हासिल करके प्री क्वार्टर फाइनल खेलने का सम्मान हासिल किया।

गौरतलब है कि हरियाणा की लेजेंडरी पुरुष रग्बी सेवन टीम के अलावा कोई भी टीम आजतक प्री क्वार्टर फाइनल तक नहीं पहुंची थी। ये पहला मौका था कि टीम प्री क्वार्टर फाइनल में खेली। उत्तरप्रदेश की टीम के सामने उतरी हरियाणा की टीम के लिए जहां स्कोर करना एक चुनौती था वहीं स्कोर रोके रखना उस से भी कहीं अधिक चुनौती पूर्ण था। उत्तरप्रदेश की टीम पहले ही हॉफ से हरियाणा पर हावी हो गई और बॉल हरियाणा की ट्राई लाइन पर ही रखी। हालांकि हरियाणा का डिफेंस मजबूत होने के कारण उत्तरप्रदेश की टीम कोई स्कोर नहीं कर पाई। दोनों ही टीम लगातार स्कोर के लिए संघर्ष करती रही और इसी दौरान दोनों टीमों ने बहुत अधिक पेनल्टी और बॉल नॉक भी की। मैच के दोनों हॉफ में दोनों टीमों की तरफ से कोई ट्राय नहीं किया जा सका और खेल लगातार रोचक होता गया।

एक्स्ट्रा टाइम के फर्स्ट हॉफ में खेलते हुए हरियाणा निखिल में थोड़ा दम दिखाया और बॉल को उत्तर प्रदेश की तरफ मोड़ने में कामयाब हुए, मुस्कान और निशा के जबरदस्त टैकलिंग का नतीजा यह रहा कि उत्तरप्रदेश ट्राई नहीं कर सका। एक्स्ट्रा टाइम के दूसरे हॉफ में टीम की कप्तान खुशबू के हाथ बाल लगी और वो बाल लेकर सपाट ट्राई लाइन पार कर गई ट्राई किया किंतु रेफरी ने इसे अमान्य करार दिया। मैच फिर से शुरू हुआ और इस बार खुशबू नहीं चुकी, उसने अपनी कप्तानी पारी का परिचय देते हुए बाल हाथ में आते ही सर्राटा दौड़ लगाई और बाल लेकर सीधा ट्राय लाइन पार कर गई।

हरियाणा को पहली बार क्वार्टर फाइनल तक लाने पर टीम के कोच भामिनी और ज्योति ने खुशी जाहिर की है। हरियाणा रग्बी के सचिव नरेंद्र मोर ने बच्चों और कोच से फोन पर बात करते हुए बताया कि आपका डिफेंस बहुत अच्छा है। उन्होंने बताया कि हमने अपनी तरफ से हिदायत दी है कि बच्चों को मेंटल और फिजिकल स्ट्रेस से बाहर निकालें और अब उन्हें मैचेज एंजॉय करने दें ताकि वे अपना खेल सुधार सकें। इधर टीम की इस उपलब्धि पर देश के प्रतिष्ठित रग्बी क्लब हैरिकेंस के कोच अरुण डागर ने बेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। टीम की इस अच्छी उपलब्धि पर जहां अभिभावक खुश हैं वहीं हरियाणा रग्बी से जुड़े तमाम संघों और क्लब्स ने बधाई दी है।

## क्रेडिट कार्ड के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़: एसपी

# साइबर अपराधी अपडेट, अब पहले से अधिक हाईटेक ठगी



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते आईपीएस वाईवीआर शशि शेखर व साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह और आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।



- 9 आरोपियों के पास से 82 फर्जी सिम कार्ड मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिल्ली, एमपी और यूपी से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे में फ्रॉड करने में प्रयोग सामान के साथ 82 फर्जी सिम कार्ड मिले हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर हासिल लिया गया है। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को जेल भेजा गया है। यह जानकारी सेक्टर-14 स्थित साइबर क्राइम थाना में मंगलवार को आईपीएस वाईवीआर शशि शेखर ने पत्रकारों से प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि न्यू विजय नगर निवासी साहिल की शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि साहिल के पास एसबीआई का क्रेडिट कार्ड है।

17 जनवरी को साहिल के पास फोन आया। जिसने अपने आप को एक बैंक का कर्मचारी बताया। युवक ने साहिल को दूसरा क्रेडिट कार्ड के लिए ऑफर दिया। साहिल दूसरा क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए तैयार हो गया। उनके द्वारा व्हाटसअप पर भेजी गई फाइल डाउनलोड करवाई। फाइल पर क्लिक कर के एसबीआई क्रेडिट कार्ड की डिटेल भरवाई। जिसके तुरंत बाद साहिल के पास ओटीपी आया। साहिल ने ओटीपी शेयर नहीं किया पर साहिल के क्रेडिट कार्ड से 140399 रुपये कट गए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी।

### अब आरोपी एक लेवल ऊपर चले गए

आईपीएस वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि आरोपी डॉट एपीके एप डाउनलोड करवाकर मोबाइल का डेटा एक्सेस करते हैं, जिसके बाद क्रेडिट कार्ड के नाम पर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे। अभी तक नार्मल साइबर फ्रॉड हो रहा था, अब आरोपी एक लेवल ऊपर चले गए हैं।

### ये सामान हुआ बरामद

मामले की जांच साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने की। जांच के दौरान 6 फरवरी को टीम ने कॉल सेंटर पर छापेमारी करते हुए वारदात में शामिल 9 आरोपियों को गिरफ़्तार कर राहदारी रिमांड पर हासिल किया। आरोपियों कोर्ट पेश कर पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन आईफोन या महंगी-2 चीजे आर्डर करते थे और उनको मार्केट में सस्ते दामों पर बेच देते थे। आरोपियों से 17 स्मार्ट फोन, 5 कीपैड फोन, 5 लैपटॉप, 82 फर्जी सिम कार्ड, 3 पीओएस मशीन, वाइफाई, 6 अलग-आधार कार्ड, 2500 रुपये, आईफोन बरामद किए गए है।

### डिजीटल अरेस्ट का कोई कानून नहीं

आईपीएस वाईवी आर शशि शेखर ने बताया कि ने बताया कि साइबर अपराधियों ने एक लाख से अधिक राशि का मिसयूज किया है। आरोपी वॉट्सऐप मैसेज भेजते है या प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करवाते है। इसके बाद साइबर फ्रॉड करते थे। उन्होंने बताया कि डिजीटल अरेस्ट करने का पूरे देश में कोई कानून नहीं है। अगर कोई आपको कहता है कि आप डिजीटल अरेस्ट हो गए है तो तुरंत हरियाणा पुलिस को संपर्क करें। ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

# हिंदू शिक्षण संस्थान के जनरल बॉडी के चुनाव में सौ सदस्य चुने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- हिंदू शिक्षण संस्थान के जनरल बॉडी के चुनाव 16 फरवरी, 2025 को होने हैं
- जनरल बॉडी इलेक्शन के लिए कुल 115 सदस्यों ने नामांकन पत्र भरा

हिंदू शिक्षण संस्थान के जनरल बॉडी चुनाव में सौ सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए। रिटर्निंग ऑफिसर री एन एन गिरोत्रा ने बताया कि हिंदू शिक्षण संस्थान के जनरल बॉडी के चुनाव 16 फरवरी, 2025 को होने हैं। जिसमें 999 सदस्यों में से 100 सदस्यों को चुना जाना था। जनरल बॉडी इलेक्शन के लिए कुल 115 सदस्यों ने नामांकन पत्र भरा। मंगलवार को संस्थान के हित में 15 सदस्यों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है तथा सर्वसम्मति से 100 सदस्यों को चुन लिया गया। उन्होंने इस समिति के सदस्यों के इस निर्णय की प्रशंसा की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### ये चुने गए सदस्य

चुनाव के लिए सदस्य के तौर पर सतपाल सनुजा, गुलशन दहिया, सुभाष चंद्र डंग, रमेश चंद्र लुथरा, सतीश कात्याल, विनोद अरोड़ा, हंसराज गांधी, ओमप्रकाश जुनेजा, प्रेम कुमार खुराना, महेंद्र कुमार पसरीजा, रमेश कुमार सहगल, देवेंद्र अग्गी, अजय कुमार खोखर, भारत भूषण भाटला, गुलशन रॉय नारंग, नंदलाल गिरधर, प्रेम नाथ ग्रोवर, राजेश कुमार सहगल, सुनील आहुजा, पुष्पलता चावला, जगदीश चंद्र खुराना, प्रदीप सपरा, विजय कुमार विज, विशाल भाटिया, अमित सहगल, कश्मीरी लाल मिगलानी, पवन आहुजा, संजीव उप्पल, बंसत उप्पल, संजीव खुराना विनोद कुमार खुराना, रमेश कुमारी खुराना, श्यामलाल कपूर, गगन दुआ, सुरेश कुमार मदान, संजय आहुजा, कृष्णलाल, कैलाश चावला, गुलशन कुमार शर्मा, नरसिंह लाल चुघ, दिनेश कुमार दुआ, सुशील अरोड़ा, अशोक पसरीजा, गिरीश कुमार, दीपक सेठी, राजेश कत्याल, मधूसूदन कपूर, रविंद्र गुगनानी, नवीन कुमार, अश्वनी खुराना, अनिल अरोड़ा, संदीप, सुशील कुमार, अजय निझावन, गुलशन रॉय, रमेश सचदेवा, संजीव पसरीजा, अशोक कुमार, सुशील कुमार, नीलम दुआ, राधेश्याम, संजय निझावन, सुभाष चंद्र, अजय मलिक, कमल किशोर लुथरा, ओमप्रकाश, राकेश गुगनानी, जितेंद्र मेहता, रविंद्र कुमार, जोगेंद्र तहरी, सुरेंद्र वधवा, जतिन, विद्यासागर, अश्वनी चौधरी, प्रवीन कुमार बब्बर, अनिल भाटिया, नवनीत दुआ, संजय पुनियानी, सुदर्शन धींगड़ा, सोमदत्त, राकेश कुमाार सिक्का, विजय तनेजा, संजय आहुजा, राजकुमार, राजेश मक्कड़, दिनेश चुघ, पंकज, पौरुष चावाला, दिनेश अग्गी, तिलकराज, पारस, हिमांशु ग्रोवर, चरणजीत वधवा, ईशा विज, राजीव मल्होत्रा, कोशल, प्रतीक बतरा, सतीश भुटानी एवं राहुल मल्होत्रा चुने गए हैं।

### पीएनबी 13 को एचएसआईआईडीसी हिसार रोड पर एमएसएमई एक्स्पो का आयोजन करेगा

**रोहतक।** पंजाब नैशनल बैंक की ओर से देशभर में 13 फरवरी को एक दिवसीय एमएसएमई एक्स्पो का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मण्डल कार्यालय रोहतक की तरफ से एमएसएमई लोन एक्स्पो का आयोजन प्लॉट नंबर 107 ई निकट एचएसआईआईडीसी हिसार रोड में होगा। एक्स्पो में देशभर के कई शहरों में एक साथ एक ही छत के नीचे ग्राहकों को एमएसएमई लोन की जानकारी दी जाएगी। इस एमएसएमई एक्स्पो में एमएसएमई इकाइयों को आमंत्रित किया गया है। इस विशेष मेले में ग्राहकों को एमएसएमई की न्यूनतम ब्याज दर पर त्वरित स्वीकृति प्रदान की जायगी। इस अवसर पर बैंक के ऋण विशेषज्ञ और बैंक के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# बच्चों व महिलाओं को खिलाई एल्बेंडाजोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला के बच्चों व अभिभावकों का आह्वान किया कि वे पेट के कीड़ों से बचाव के लिए अल्बेंडाजोल की टैबलेट अवश्य खाएं। सरकार द्वारा एक से 19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण के लिए सभी स्कूलों, आंनवाड़ी केंद्रों व प्रज्जन आयुवर्ग की महिलाओं को अल्बेंडाजोल की टेबलेट मुफ्त खिलाई जा रही है। आज किसी कारणवश यह टेबलेट खाने से वंचित रहे बच्चें या महिलाएं 18 फरवरी को मॉप-अप दिवस पर इस टेबलेट को अवश्य खाएं।उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा स्थानीय हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन करने के उपरांत विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिला के 1 से 19 साल तक के 3 लाख 52 हजार 410 बच्चों एवं 19 से 24 साल की 26078 महिलाओं को यह दवाई खिलाई गई। उन्होंने कहा कि पेट के कीड़ों के संक्रमण से बच्चो में खून की कमी अथवा एनीमिया, कुपोषण, कमजोरी के अलावा एकाग्रता में कमी या स्कूल और आंगनवाड़ी में अनुपस्थिति हो सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कृमि नाशक यह दवा सभी बच्चों के साथ-साथ प्रज्जन आयुवर्ग की महिलाओं को भी अवश्य खिलाई जाए।

### 18 को भी खिलाई जाएगी

सिविल सर्जन डॉ रमेश चन्द्र ने बताया कि पेट में कीड़े होने की वजह से बच्चों में अनीमिया, भूख नहीं लगना, पेट में दर्द की शिकायत रहती है। बच्चों में कृमि नियंत्रण से खून की कमी में सुधार तथा बेहतर पोषण स्तर होता है। किसी कारणवश कोई बच्चा दवा की डोज लेने से वंचित रह जाता है तो उसे 18 फरवरी को मॉप अप डे पर यह दवाई खिलाई जाएगी। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉ राजवीर सभरवाल, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र, प्रोग्राम मैनेजर रेणू काम्बोज आदि मौजूद थे।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में सदन रिक्रिएशनल खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में अंतर सदन रिक्रिएशनल गेम्स खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपने जोश और उत्साह के साथ-साथ अनुशासन और खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं का बहुत आनंद उठाया। खिल खिलाती मुस्कुराहट व खुशी के साथ खेलते हुए बच्चों के आनंद की यह भावना दिल को छू गई। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने सभी विजेताओं को उनके अनोखे प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी अपने खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखना, टीमवर्क और उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना से परिचित कराना है। प्रतियोगिता बच्चों के लिए न केवल एक यादगार अनुभव होती हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को नई उड़ान देने का माध्यम भी बनती है। इस अवसर पर उपप्राचार्या मशेंका, दीपमाला, स्नेहलता, सिमरन, मोनिका, चारु, शिल्पा, भारत, मोक्ष, दीपक मौजूद रहे।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

# छात्रा मीनू को बेस्ट एथलीट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के 64 वी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि साक्षी मलिक गवर्नमेंट कॉलेज मोखरा की प्राचार्या डॉ सीमा जैन ने विजेता छात्राओ को पारितोषिक वितरण किया।

डॉ दर्शना प्राचार्या ने डॉ सीमा जैन का महाविद्यालय प्रागण में कार्यक्रम कन्वेनर बसंत कुमार व स्पोर्टस बोर्ड सदस्यो के साथ मिलकर स्वागत किया। डॉ सीमा जैन ने अपने 35 वर्षों के इसी महाविद्यालय के अनुभव को सांझा किया। स्पोर्ट्स बोर्ड सदस्यों ने मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य को हरयाणवी पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया। छात्रा मीनू को बेस्ट एथलीट का खिताब दिया गया। डॉ किरण शर्मा एवं नीति अहलावत ने मंच संचालन किया। प्रीती एवं सुरेश ने खूबसूरत गीतों की प्रस्तुति दी। दो दिवसीय इस प्रोग्राम में महाविद्यालय की सभी छात्राओ ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर डॉ वीना सचदेवा, डॉ बिंदु, डॉ निशा, डॉ फूल कुमार, डॉ सुभाष, डॉ योगेश, डॉ भूपेंद्र, डॉ राजेश, डॉ सचिन, डॉ राकेश, डॉ सतप्रकाश, डॉ बसंत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एसजेके कॉलेज में मनाया कृमि दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर



सत जिंदा कल्याणा महाविद्यालय में डी- वर्मिंग डे के अवसर पर सी एच सी कलानौर के डॉक्टरों की टीम ने विद्यार्थियों को कीड़े नाशक दवाई खिलाई व उनका वितरण किया।

इस दौरान सतीश कुमार ने पेट से सम्बन्धित होने वाली बीमारियों के कारण और उनके उपचार के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने इस अवसर पर अपने वक्तव्य में बताया कि सरकार द्वारा यह खास तौर पर बच्चों में होने वाले कृमि संक्रमण को कम करने के लिए चलाया गया अभियान है। जिसका उद्देश्य पूरे देश को कृमि मुक्ति करना है व लोगो में जागरूकता बढ़ाना है।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम के दौरान कॉलेज डिस्पेंसरी की सदस्या डॉ. पायल गुलाटी, रविश, प्रीति, सविता सहित कॉलिज स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।